NEWS CLIPPING: 17.08.2018

HINDUSTAN

उच्च शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान और जीविका : प्रो. कुठियाला

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

संगोष्ठी

- कहा, उच्च गुणवत्ता मानदंडों की वजह से ही वाईएमसीए की पहचान
- हरियाणा में उच्चतर शिक्षा-गुणवत्ता पर संगोष्ठी का आयोजन

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को हरियाणा में उच्चतर शिक्षा- गुणवत्ता एक परिप्रेक्ष्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला पहुंचे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की ओर से किए जा रहे गुणात्मक सुधारों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा उच्च गुणवत्ता मानदंडों की वजह से ही वाईएमसीए की पहचान है। मुख्य वक्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में उच्चतर शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना एक चुनौती है।

उच्चतर शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, जीविका और जीवन पर केंद्रित होना चाहिए। इस मौके पर विश्वविद्यालय की नई परीक्षा नियंत्रक शाखा के कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। इसका निर्माण करीब 81 लाख रुपये की लागत से की जाएगी।

NEWS CLIPPING: 17.08.2018

NAVBHARAT TIMES

YMCA में अडॉप्ट ए ट्री अभियान की शुरुआत

प्रस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में 'हरियाणा में उच्चतर शिक्षा - गुणवत्ता पर एक परिप्रेक्ष्य' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रफेसर बृज किशोर कुठियाला मुख्य वक्ता रहे व अध्यक्षता कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने की। प्रफेसर कुठियाला ने यूनिवर्सिटी की नई परीक्षा नियंत्रक शाखा के ऑफिस का उद्घाटन किया और यूनिवर्सिटी परिसर में पौधरोपण कर 'अडॉप्ट ए ट्री' अभियान का शुभारंभ किया।

YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 17.08.2018